an>

title: Announcement regarding exhibition in Parliament House Complex on achievements of DRDO.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कोई विशेÂष बात नहीं है, मगर माना जाए तो विशेÂष है, इसीलिए मैं इस बात का जिक्र सदन में कर रही हूं। हम हमेशा सदन में प्रश्न उठाते हैं कि डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने क्या उपलब्धियां प्राप्त की हैं। हमारे रक्षा मंत्री श्री परिकर जी और डीआरडीओ के अधिकारियों ने मुझसे निवेदन किया कि वे एक प्रदर्शनी लगाना चाहते हैं और बताना चाहते हैं कि डीआरडीओ क्या कर रहा है। संसद भवन की लाइब्रेरी बिल्डिंग के पास वह प्रदर्शनी लगी हुई है ताकि संसद सदस्य भी समझें कि कितने छोटे से लेकर बड़े काम डीआरडीओ कर रहा है। जैसा हम कहते हैं कि हमारे मिसाइल मैन अब्दुल कलाम जी, आर. चिदम्बरम जी ने उस समय अग्नि, पृथ्वी मिसाइल पर काम किया था, वे भी रखी हुई हैं। मैं स्वयं उस प्रदर्शनी को देखकर आई हूं और आप सभी को कहना चाहती हूं कि हम सभी को वह प्रदर्शनी जरूर देखनी चाहिए।